पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने फिल्म 'कृष्णावतारम् (भाग–1, हृदयम)' की स्पेशल स्क्रीनिंग का अवलोकन किया

## मुख्यमंत्री ने उ0प्र0 में कृष्णावतारम् फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा की

## परिणाम लाने के लिए परिश्रम आवश्यक होता, इस फिल्म की शूटिंग के दौरान पात्रों ने काफी परिश्रम किया, ऐसी फिल्में आगे भी बननी चाहिए, जो हमारी संस्कृति एवं परम्पराओं को प्रदर्शित करतीं : राज्यपाल

## 'कृष्णावतारम्' भारत के इतिहास, परम्परा और संस्कृति से जुड़ी फिल्म, यह भारतीय इतिहास की उन घटनाओं की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती, जो आज से 5,000 वर्ष पहले इस धरा धाम पर घटित हुई : मुख्यमंत्री

## आधुनिकता आवश्यक है, लेकिन अपनी परम्परा को विस्मृत करके नहीं, अपनी परम्परा को साथ लेकर ही हमें आगे बढ़ना होगा

## कला ईश्वरीय प्रेरणा, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण भगवान श्रीकृष्ण, हमें कला को सम्मान देना चाहिए

## सूचना विभाग हर जनपद में कृष्णावतारम् फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की व्यवस्था करें, जिससे बच्चे अपनी परम्परा और सनातन संस्कृति के बारे में जान सकें

**लखनऊ : 10 मई, 2026**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहाँ लोक भवन सभागार में भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य माहात्म्य पर आधारित फिल्म 'कृष्णावतारम् (भाग–1, हृदयम)' की स्पेशल स्क्रीनिंग का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कृष्णावतारम् फिल्म के कलाकारों, निर्माता, निर्देशक एवं फिल्म से जुड़े सदस्यों को सम्मानित किया।

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर सभी को अन्तरराष्ट्रीय मातृ दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बेटियाँ हैं, तो घर में खुशहाली है। मुख्यमंत्री जी कृष्ण भक्ति एवं राम भक्ति से जुड़े हैं। उन्हें पूरा भरोसा था कि आज यह फिल्म टैक्स फ्री हो जाएगी। राज्यपाल जी ने कृष्णावतारम् फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग देखने के लिए मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

राज्यपाल जी ने कहा कि परिणाम लाने के लिए परिश्रम आवश्यक होता है। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान पात्रों ने काफी परिश्रम किया था। ऐसी फिल्में आगे भी बननी चाहिए, जो हमारी संस्कृति एवं परम्पराओं को प्रदर्शित करती हैं। हमें आने वाली पीढ़ी को भी इससे परिचित कराना चाहिए।

राज्यपाल जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश, देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है। यहाँ अनेक विविधताएँ पायी जाती हैं। यहाँ के जल संसाधन का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने आज शपथ ग्रहण करने वाले मंत्रिगण से कहा कि वे अपनी शक्ति और परिश्रम को उत्तर प्रदेश के विकास के लिए समर्पित करें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 'कृष्णावतारम्' भारत के इतिहास, परम्परा और संस्कृति से जुड़ी फिल्म है। इस फिल्म ने भारतीय संस्कृति व सनातन परम्परा के गूढ़ रहस्यों को अपने बेहतरीन संवादों के माध्यम से प्रस्तुत किया है। कृष्णावतार फिल्म के सभी कलाकारों तथा पूरी टीम का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश में इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े हर प्रसंग के बारे में सभी लोग जानते हैं। बरसाना–वृन्दावन में हम राधे–राधे का सम्बोधन सुनते हैं। श्रीकृष्ण के जीवन की एक प्रमुख पात्र सत्यभामा थीं। कृष्णावतारम् फिल्म भारतीय इतिहास की उन घटनाओं की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती है, जो आज से 5,000 वर्ष पहले इस धरा धाम पर घटित हुई थी। इसने पूरे समाज को एक नई दिशा दी थी। श्रीकृष्ण साक्षात अवतार है। श्रीकृष्ण की पूरी कथा को जिस रूप में फिल्म में प्रस्तुत किया गया है, यह अत्यन्त अभिनन्दनीय तथा सराहनीय है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर व्यक्ति के लिए भारत की शाश्वत परम्परा के बारे में जानने और सीखने तथा इससे प्रेरणा प्राप्त करने का एक अद्भुत अवसर इस ढाई घण्टे की फिल्म के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। सूचना विभाग हर जनपद में इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की व्यवस्था करें, जिससे सभी बच्चे अपनी परम्परा और सनातन संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। आधुनिकता आवश्यक है, लेकिन अपनी

परम्परा को विस्मृत करके नहीं। अपनी परम्परा को साथ लेकर ही हमें आगे बढ़ना होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह फिल्म बहुत अच्छी है। इसमें कलाकारों का अभिनय अत्यन्त सराहनीय है। आज के समय में जब लोग पाश्चात्य संस्कृति की ओर उन्मुख होते हुए दिखाई देते हैं, तब अपनी पुरातन परम्परा को आज की पीढ़ी की मांग के अनुरूप आधुनिक डिजिटल स्वरूप तथा आधुनिक परिवेश में प्रस्तुत करना एक अभिनन्दनीय कार्य है। इसके लिए फिल्म के सभी कलाकार तथा पूरी टीम बधाई की पात्र है। मुख्यमंत्री जी ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए अपना बहुमूल्य समय देने के लिए राज्यपाल जी के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्यपाल जी के पास शिक्षक, प्रधानाचार्य, मंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के रूप में सार्वजनिक जीवन का लम्बा अनुभव है। यह एक सुखद संयोग है कि इस फिल्म में सत्यभामा का मुख्य किरदार निभाने वाली कलाकार और अभिनेत्री का नाम भी सुश्री संस्कृति पटेल है। सुश्री संस्कृति पटेल राज्यपाल जी की ग्रैण्ड डॉटर भी हैं। यह राज्यपाल जी के लिए भी अद्भुत क्षण है कि उन्होंने जिस बच्ची का पालन–पोषण कर उसे आगे बढ़ाया है, उस बच्ची ने अपने अभिनय के माध्यम से उनके सामने प्रस्तुति दी है। कला ईश्वरीय प्रेरणा होती है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण भगवान श्रीकृष्ण हैं। हमें कला को सम्मान देना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह अद्भुत संयोग है कि आज हमने अपनी सरकार के द्वितीय कार्यकाल के मंत्रिमण्डल विस्तार कार्यक्रम को सम्पन्न किया है। आज प्रदेश सरकार में आठ नए मंत्री श्री भूपेन्द्र चौधरी, श्री मनोज पाण्डेय, श्री सोमेन्द्र तोमर, श्री अजीत सिंह पाल, श्रीमती कृष्णा पासवान, श्री कैलाश सिंह राजपूत, श्री सुरेन्द्र दिलेर व श्री हंस राज विश्वकर्मा बने हैं। श्री सोमेन्द्र तोमर और श्री अजीत सिंह पाल पहले राज्य मंत्री थे, आज उन्हें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इन मंत्रिगण ने आज जन भवन में शपथ ली है, इस अवसर पर फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग भी एक अद्भुत क्षण है।

——————

***PN-CM-Krishnavataram Movie Special Screening-10 May, 2026***